HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD
(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd & 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109
Tel: 0172-2590505, 2586026(F) | E-mail:planninghpspp@gmail.com | Website: www.hsspp.in

Ref. No. : 26461-26523/Plg/SSA Dated: 21-Nov-2016

सेवा में

सभी जिला शिक्षा अधकारी, जिला मैलिक शिक्षा अधिकारी व् जिला परियोजना समन्वयक
हरियाणा राज्य |

विषय : यूनिफार्म ग्रांट आधार लिंक्ड बैंक खाते में भेजने बारे |

सभी राजकीय स्कूलों द्वारा एम्.आई.एस. पोर्टल पर बच्चों के अन्य सूचनाओं के साथ साथ उनके आधार नंबर तथा बैंक अकाउंट की जानकारी भी भरी गयी है | इस जानकारी के आधार पर कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में 800 रुपये तथा कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में 1000 रुपये की राशि यूनीफोर्म ग्रांट के रूप में भेजी जानी है |

यह संज्ञान में आया है की राज्य स्तर पर लगभग 26% बच्चों के आधार व बैंक अकाउंट की जानकारी MIS पोर्टल में भरी ही नहीं गयी है | इसके अलावा लगभग 13% बच्चों की यह जानकारी सही नहीं है | जिसके कारण से बहुत से बच्चों के बैंक अकाउंट में यूनिफार्म ग्रांट की राशी नहीं भेजी जा सकी है |

बैंक द्वारा कार्यालय को ट्रांसेक्शन स्टेटस की लिस्ट दी गई है जिसमें यह जानकारी है कि 1. – किन बच्चों के बैंक खाते में यह राशी सफलता पूर्वक भेज दी गई है (इनके लिए स्टेटस Successful या Setteled लिखा है) तथा 2. - किन बच्चों के बैंक खाते में यह राशि नहीं भेजी जा सकी है (इनके लिए स्टेटस Failed, Rejected या Returned लिखा है) | यह लिस्ट परिषद् की वेबसाईट (www.hsspp.in) पर दर्शाई गयी है | यह लिस्ट सम्बंधित जिला स्तर के अधिकारियों को ईमेल द्वारा भी भेजी गई है | आपसे अनुरोध है की परिषद् की वेबसाईट से अपने जिले के बच्चों की लिस्ट का अवलोकन करें व

1. इस लिस्ट में जिन बच्चों का ट्रांसेक्शन स्टेटस SUCCESSFUL या SETTLED दिखाया गया है उन बच्चों को छोड़कर बाकी सभी बच्चों की **आधार व् बैंक संबंधी जानकारी MIS पोर्टल में ठीक करवाएं.**
2. जिन बच्चों के नाम इस लिस्ट में नहीं हैं, उनकी भी आधार व् बैंक अकाउंट की जानकारी MIS पोर्टल में भर दें.

यह कार्य आप **30 नवम्बर** तक पूरा करवा दें ताकि शेष बचे बच्चों के अकाउंट में भी यूनिफार्म ग्रांट राशी भेजी जा सके |

21.11.16
सलाहकार (योजना)
कृते राज्य परियोजना निदेशक

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
पढ़े चलो, बढ़े चलो